# विद्युत ठेकेदारों की मनमानी, गलत जगह लगाया ट्रांसफार्मर

अब हटाने के नाम पर मांग रहे शिफ्टिंग चार्ज, ग्राम पंचायत चंदनवाड़ा खुर्द का मामला, ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी कर नशे की हालत में किया काम

**पलारी नवभारत। विद्युत वितरण कंपनी के ठेकेदारों और कर्मचारियों की मनमानी और लचर कार्यशैली का खामियाजा अब आम ग्रामीण भुगतने को मजबूर हैं। ताजा मामला ग्राम पंचायत चंदनवाड़ा खुर्द का है, जहां माता दिवाला के पास विद्युत मंडल के ठेकेदार और उसके कर्मचारियों ने ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों की सलाह को दरकिनार कर अपनी मनमर्जी से ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताई, तो ठेकेदार द्वारा ट्रांसफार्मर को सही जगह शिफ्ट करने के एवज में ग्रामीणों से ही शिफ्टिंग चार्ज की मांग की जाने लगी।**

पलारी क्षेत्र में गुणवत्ताविहीन कार्य और घटिया पोल-लाइन से बड़े हादसों का खतरा, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

### नशे में धुत्त कर्मचारियों ने टेढ़ी-मेढ़ी खींच दी लाइन

ग्रामीणों का आरोप है कि जब माता दिवाला के पास ट्रांसफार्मर लगाने का काम चल रहा था, तब ग्रामीणों और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को सही और सुरक्षित स्थान बताया था। इसके बावजूद, ठेकेदार के कर्मचारियों ने नशे की हालत में ग्रामीणों की बात को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया और आनन-फानन में लाइन को टेढ़ी-मेढ़ी खींचकर गलत जगह ट्रांसफार्मर बिठा दिया।



### शिकायत के बाद भी बेखबर जिम्मेदार

इस पूरे घटनाक्रम से परेशान होकर ग्रामवासियों ने कनिष्ठ अभियंता (जेईई), विद्युत मंडल पलारी को लिखित शिकायत सौंपकर सुधार कार्य कराने और ठेकेदार की तानाशाही पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी विद्युत मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस तरह के गुणवत्ताविहीन कार्यों के बारे में लिखित और मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन आज दिनांक तक न तो कोई सुधार कार्य किया गया और न ही निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया। विद्युत मंडल की इस अनदेखी और ठेकेदारों की मनमानी से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

**सड़क के बिल्कुल करीब बिछाई जा रही हैं लाइनें, हादसों को न्योता**

यह केवल एक गांव की बात नहीं है, बल्कि पूरे पलारी क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे विद्युत कार्यों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सड़क के पास से गुजरती लाइनें- गांवों में सड़क के इतने नजदीक से लाइनें गुजारी जा रही हैं कि हर समय किसी गंभीर दुर्घटना या जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है। गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य- पोल गाड़ने से लेकर लाइन खींचने तक में घोर लापरवाही और घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, बालक गंभीर




**सिवनी नवभारत।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के केदारपुर गांव के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सिंगारपुर निवासी क्रिस उईके (25) अपने परिचित पप्पू तुमराचे (13) के साथ मोटरसाइकिल से किंदरई से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान केदारपुर गांव के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रिस उईके की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल बालक को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## एक नजर में



### ब्रह्माकुमारीज कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र ने लगाये पौधे

**सिवनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा बालाजी नगर स्थित गार्डन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना कन्हीवाड़ा की सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन रहीं। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बी.के. मोनिका बहन, भूतपूर्व महिला भाजपा अध्यक्ष संगीता जी, वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष बंदेवार जी, हरिशंकर भाई जी, आनंद भाई जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया, जिनमें लीची, आंवला, आम, नारियल, गुलमोहर, जामुन, केला, मुनगा एवं चीकू, कटहल के पौधे शामिल रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन एवं वरिष्ठ पत्रकार संतोष बंदेवार को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों को शीघ्र प्रदान किया जाएगा चतुर्थ समय मान वेतनमान

**सिवनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी का प्रतिनिधि मंडल कल जिला शिक्षा अधिकारी श्री अविनाश दीक्षित जी से मिला जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 1 जुलाई 2023 को 35 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल प्राचार्य के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर ली गई हैकिंतु आज दिनांक तक शिक्षकों को वेतनमान प्रदान नहीं किया गया है जिस पर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी श्री दीक्षित द्वारा संगठन कोअवगत कराया गया की शासन द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया बीच में आ जाने के कारण इस कार्य में थोड़ा विलंब हो रहा है शीघ्र ही या कार्यवाही पूर्ण कराकर शिक्षकों को वेतनमान प्रदान किए जाएंगे।

डिजिटल पंजीकरण, मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड एवं शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

# आधुनिक तकनीकों से मत्स्य पालन, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करने तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों की जानकारी दी गई।

उप संचालक मत्स्य उद्योग, सिवनी के मार्गदर्शन में सहायक संचालक श्रीमती संध्या कुमार एवं सहायक मत्स्य अधिकारी सुश्री अनामिका सिंह ने उपस्थित हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न मत्स्य विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर किसान एवं युवा बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में निर्मित तालाबों, सरोवरों एवं जलाशयों का अधिकतम उपयोग मत्स्य पालन के लिए किए जाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही बायोफ्लॉक, आर.ए.एस. (रीसर्कुलेटिंग एक्काकल्चर सिस्टम) एवं केज कल्चर जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन, रोजगार सृजन तथा मत्स्य उत्पादों की मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ बनाने की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान हितग्राहियों को नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म के पोर्टल पर डिजिटल पंजीकरण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया, जिससे वे विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकें। साथ ही मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने, मत्स्य बीज, जाल एवं नाव के लिए उपलब्ध योजनाओं तथा विभागीय सहायता की जानकारी भी दी गई। मत्स्य विभाग ने जिले के इच्छुक मत्स्य पालकों, किसानों एवं युवाओं से अपील की है कि वे विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

# ग्राम बखारी आज भी सड़क से वंचित, बरसात में ग्रामीणों का जीवन बेहाल

**घंसौर नवभारत। नर्मदा घाटी में बने बरगी बांध से विस्थापित ग्राम बखारी, विकासखंड घंसौर, जिला सिवनी के ग्रामीण पिछले एक दशक से गांव तक सर्व मौसमीय ( ऑल वेदर ) सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। अनेक बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन देने के बावजूद आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है।**

बरसात के मौसम में गांव का संपर्क लगभग पूरी तरह कट जाता है। कच्ची सड़क कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर कीचड़ भरे रास्ते से विद्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि गांव में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाए तो उसे 6 किलोमीटर तक खाट पर ले जाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है।

कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति एक विकास परियोजना से विस्थापित गांव के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वर्ष भी मानसून शुरू होने के बावजूद सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि विस्थापन के वर्षों बाद भी यदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तो यह पुनर्वास नीति और प्रशासनिक दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम बखारी तक तत्काल सर्व मौसमीय पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए। बरसात के दौरान आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



**सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए**

स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बरगी बांध के विस्थापित गांवों में पुनर्वास के अंतर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। ज्ञात हो कि विगत वर्ष ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग की लकड़ी से भरे ट्रक को तीन दिन तक रोक रखा था। प्रशासन द्वारा सड़क बनाने के आश्वासन बाद ट्रक छोड़ा गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा आज तक सड़क बनबाने में असफल रहे हैं। महिला सरपंच असुंता राजेश मरावी, सरिता बाई कैलाश झारिया, समरती बाई राज कुमार मरावी, चन्नू सैयाम, रतीराम यादव, लक्ष्मण बर्मन, जयपाल बर्मन, श्रीराम बर्मन, तुलाराम यादव, अरूण गुमास्ता, गुलाब झारिया आदि ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# विधायक दिनेश राय ने किया शिवमहापुराण कथा का आयोजन



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा के आयोजन हेतु विधि-विधान से संकल्प लिया। सिवनी नगर के राशि लॉन मे इस दिव्य आयोजन का शुभारंभ आगामी माह 18 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक पूज्यनीय संत महंत श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का पावन आयोजन होगा। आज भाजपा विधायक के लखनादौन स्थित कार्यालय मे विराजमान विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया।

18 से 24 अगस्त तक राशि लॉन में होगी शिव महापुराण

जिसमें कथावाचक श्री विपिन बिहारी दास जी महाराज के शिष्य पूज्य पंडित प्रदीप दुबे जी द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ विधायक को दिव्य एवं भव्य कथा आयोजन के सफल संपादन हेतु संकल्प दिलाया गया। ?इस अवसर पर विधायक ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से कथा स्थल पहुंचकर शिव महापुराण का श्रवण करने तथा भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन में रश्मि ने बढ़ाया जिले का मान



**सिवनी नवभारत।** नई दिल्ली के द लीला कन्वेंशन हॉल में 15 से 18 जुलाई तक आयोजित मिसेज इंडिया इंटरनेशनल क्वीन 2026 प्रतियोगिता में सिवनी जिले के भोमा की बेटी रश्मि साहू ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता में देश-विदेश से आई 91 फाइनलिस्ट प्रतिभागियों के बीच रश्मि ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मिसेज इंडिया बोल्ड का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के टैलेंट राउंड में रश्मि ने कथक नृत्य के साथ-साथ जनजातीय पारंपरिक वेशभूषा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसकी निर्णायकों और दर्शकों ने सराहना की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ। रश्मि साहू भोमा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, एक्स आर्मी पेट्रोल पंप के संचालक एवं भारतीय जनता पार्टी की जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य अशोक साहू की सुपुत्री हैं। उनके भाई राज साहू टोनी, जो भोमा नगर के पूर्व सरपंच रह चुके हैं, भी उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। रश्मि के पति मध्य रेलवे में अधिकारी हैं।

रश्मि साहू की इस उपलब्धि से उनके परिवार, शुभचिंतकों तथा पूरे भोमा एवं सिवनी जिले में हर्ष का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### एनटीपीसी ग्रिड सिवनी के परिवारों से पुलिस का जनसंवाद

सिवनी। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार नशे से दूरी हैं जरूरी व सैफ क्लिक गतिविधियों के क्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा एनटीपीसी ग्रिड सिवनी के परिवारों व स्टॉफ से संवाद करते हुए नशे के सेवन के कारण अच्छी आय वाला व्यक्ति भी किस प्रकार कर्ज और हताशा से ग्रसित हो जाता हैं और दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की और अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे प्रभारी साइबर सेल एएसआई देवेंद्र जायसवाल ने भी व्यक्तव्य दिया संस्था के एम डी संजय बोरकर, असि.एम डी आर ई सी यादव, मैनेजर राहुल गुप्ता और 100 से अधिक स्टाफ और पारिवारिक सदस्य गण की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जिला कांग्रेस ने कैंडल जलाकर निकाला विजय मार्च, इस्तीफे को बताया छात्रों की जीत

**सिवनी नवभारत।** नीट पेपर लीक मामले में विगत कई दिनों से कांग्रेस पार्टी विपक्ष और छात्र-छात्राऍ एवं बुद्धिजीवी, देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के स्तीफे की मांग पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन रत थे, इस आंदोलन को भाजपा द्वारा देश विरोधी, चीन, पाकिस्तानी द्वारा संचालित आंदोलन बताकर आंदोलनकारियों को बदनाम करने की कोशिस की कई, अंग्रेजों की तरह बर्बता पूर्वक कार्यवाही करते हुए लाठियॉ बरसायी गई उन्हें जेल में बंद कर दिया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी कांग्रेस सांसदो के साथ प्रधानमंत्री आवास पर धरना पर बैठे, जहॉ पर राहुल गांधी सहित सभी कांग्रेस सांसदो को गिरफ्तार किया गया। संसद में लगातार इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी लड़ती रही, लेकिन सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार उनकी मांगे मानने को तैयार नहीं हुई।

आज राहुल गांधी जी द्वारा मोदी सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि उनकी तीन मांगे नही मानी गई तो कांग्रेस पार्टी लोकसभा नहीं चलने देगे। 1. शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का स्तीफा 2. छात्र-छात्राओं पर किये गए दर्ज मामले वापस लिए जाए। 3. पेपर लीक के कारण मृत छात्र-छात्राओं को उचित मुआवजा दिया जाए। राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी एवं छात्र छात्राओं द्वारा किए गए लगातार आंदोलन से घबराकर 3 मांगो को मानते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का स्तीफा लिया गया।



जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा नगरपालिका चैक में एकत्रित होकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में कैंडल जलाकर विजय मार्च निकाला गया।

**जागरूकता** | जिलेभर में चले जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट वितरण और संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के बताए दुष्प्रभाव

# आंगनबाड़ी से खेल मैदान तक गूंजा नशामुक्ति का संदेश



**सिवनी नवभारत।** नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत शनिवार को जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाना रहा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, महिला समूहों, छात्र-छात्राओं और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रमों में आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। सिवनी, धूमा, लखनादौन, लखनवाड़ा, बंडोल, कुरई, बरघाट, धनोरा तथा केवलारी क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, पंपलेट वितरण और संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए।

जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनवाड़ा, आदर्श बी.एड. कॉलेज पलारी, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, ग्राम केदारपुर हाई स्कूल घंसौर, शासकीय माध्यमिक शाला खूंट बरघाट तथा आदिवासी बालक छात्रावास लखनादौन में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों में शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।




नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के माध्यम से पुलिस और विभिन्न विभागों द्वारा जिले में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, ताकि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

**हेल्पलाईन से कराया अवगत**

अभियान के अंतर्गत सामुदायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया गया। केवलारी विकासखंड में नशामुक्ति संदेश के साथ खो-खो मैत्री मैच आयोजित किया गया, जबकि झंडा चौक छपारा में सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। भीमगढ़ चौकी क्षेत्र में कोटवारों के सहयोग से गांव-गांव पोस्टर वितरित कर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और शिक्षक समाज के सबसे प्रभावी माध्यम हैं। इनके सहयोग से प्रत्येक घर तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा हो तो नशामुक्ति हेल्पलाइन 14446 अथवा मानस हेल्पलाइन 1933 पर निःशुल्क सहायता प्राप्त करें तथा अवैध नशे के कारोबार की सूचना डायल 112 पर दें।

# अजय अहिरवार ने जेईई-एडवांस में हासिल की 2484 रैंक

**आगे की पढ़ाई के लिए मिला 97 हजार का सहयोग**



**छपारा नवभारत।** कठिन परिस्थितियां यदि हौसलों के सामने झुक जाएं, तो सफलता इतिहास बन जाती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण सिवनी जिला के छपारा सांदीपनि विद्यालय के होनहार छात्र अजय अहिरवार ने प्रस्तुत किया है। जेईई-एडवांस परीक्षा में 2484 कैटेगरी रैंक हासिल कर अजय ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे छपारा नगर और सांदीपनि विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है 25 जुलाई दिन शनिवार को अजय को छपारा सांदीपनि विद्यालय में प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने मुंह मिठाकर आशिर्वाद दिया और पुष्प गुच्छ भेंट कर उसे चयनित जोधपुर आई आई टी के लिए रवानगी पर शुभकामनाएं दी उक्त अवसर पर छपारा विद्यालय प्राचार्य रहमतकर ने ब्लाक विकास खंड अधिकारी राकेश दुबे, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल सहित समाजसेवी शिवकुमार शिवहरे को भी छात्र के लिए सहयोग प्रदान किए जाने पर आभार जताया।

अजय का जीवन संघर्षों से भरा रहा। बचपन में मां का साया उठ गया और वर्ष 2018 में पिता के निधन के बाद वे पूरी तरह अनाथ हो गए। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। ग्राम गणेशगंज खास निवासी अजय अपने मामा घनश्याम अहिरवार के संरक्षण में छपारा विकासखंड के ग्राम लुडगी आए। यहां उन्होंने अपनी बहन के साथ कठिन आर्थिक परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी। दसवीं तक की शिक्षा पूरी करने के बाद छपारा नगर में किराए के कमरे में रहकर लगातार मेहनत की। अजय ने कक्षा 11वीं में 77 प्रतिशत तथा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद जेईई-मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जेईई-एडवांस परीक्षा में 2484 कैटेगरी रैंक अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें आईआईटी जोधपुर में इंजीनियरिंग में प्रवेश मिला है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उच्च शिक्षा में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए सिवनी कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना, सहायक आयुक्त लालजी मीणा, बीआरसी, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार रहमतकर, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा समाज के सहयोग से अजय को 97 हजार की सहयोग राशि भेंट की गई।